पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-1

सोमवार, दिनांक- 18 फरवरी, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.55 बजे अपराह्न तक ।

[1] माननीय अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :-

यथा संलग्न ।

[2] महामहिम राज्यपाल का संदेश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेश से सदन को अवगत कराया- ''भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 के खंड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, देवानन्द कुँवर, बिहार का राज्यपाल, एतद् द्वारा एक साथ समवेत बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को दिनांक 18 फरवरी, 2013 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में सम्बोधित करना चाहता हूँ और विधान सभा वेश्म, पटना में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ ।''

[3] महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण :-

सभा सचिव ने महामहिम राज्यपाल से सह समवेत दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित करने का अनुरोध किया ।

तदुपरांत महामहिम राज्यपाल ने दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया ।

[4] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने पंचदश विधान सभा के अष्टम् सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री हरिनारायण सिंह - स०वि०स०

(ii) श्री राम लषण राम 'रमण' - स०वि०स०

(iii) श्रीमती गुड्डी देवी - स०वि०स०

[5] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने पंचदश बिहार विधान सभा के अष्टम् सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया :-

(i)	अध्यक्ष, बिहार विधान सभा	सभापति
(ii)	श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री	सदस्य
(iii)	श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष	सदस्य
(iv)	श्री सुशील कुमार मोदी, उप मुख्यमंत्री	सदस्य
(v)	श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, संसदीय कार्य	सदस्य
(vi)	श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री	सदस्य
(vii)	श्री नंद किशोर यादव, मंत्री	सदस्य
(viii)	श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, नेता विरोधी दल	सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री श्रवण कुमार, स०वि०स०
(ii) श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स०
(iii) श्री जाकिर हुसैन खान, स०वि०स०
(iv) श्री अवधेश कुमार राय, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[6] अनुमत विधेयक का सभा पटल पर रखा जाना :-

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित निम्नलिखित विधेयक के विवरण को सभा पटल पर रखा गया:-

क्रमांक	विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि
1.	बिहार शहरी आयोजना तथा विकास विधेयक, 2012	22.12.2012
2.	बिहार विनियोग ((संख्या-4) विधेयक, 2012	22.12.2012
3.	बिहार विनियोग (अधिकाई व्यय 1978-79, 1979-80, 1980-81, 1981-82, 1982-83, 1985-86, 1987-88, 1988-89, 1992-93, 2008-09 एवं 2009-10) विधेयक, 2012	22.12.2012
4.	बिहार राज्य मेला प्राधिकार (संशोधन) विधेयक, 2012	25.12.2012
5.	बिहार कृषि भूमि (गैर-कृषि प्रयोजनों के लिए सम्परिवर्तन) (संशोधन) विधेयक, 2012	25.12.2012
6.	बिहार राज्य फुटपाथ विक्रेता (जीविका संरक्षण एवं व्यापार विनियमन) विधेयक, 2012	25.12.2012
7.	पटना विश्वविद्यालय (संशोधन एवं विधिमान्यकरण) विधेयक, 2012	25.12.2012
8.	बिहार राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन एवं विधिमान्यकरण) विधेयक, 2012	25.12.2012

[7] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की :-

(i)	स्व० रामाश्रय प्रसाद सिंह	-	उपनेता, सत्तारूढ़ दल, बिहार विधान परिषद्
(ii)	स्व० बादशाह प्रसाद आजाद	-	सदस्य, बिहार विधान परिषद्
(iii)	स्व० रामचन्द्र प्रसाद	-	सदस्य, बिहार विधान परिषद्
(iv)	स्व० उमाशंकर सिंह	-	सदस्य, लोक सभा
(v)	स्व० मधु सिंह	-	पूर्व सदस्य, बिहार विधान सभा
(vi)	स्व० कृष्ण कुमार चौधरी	-	पूर्व सदस्य, लोक सभा

(vii) स्व० कामेश्वर पूर्वे	-	पूर्व सदस्य, बिहार विधान सभा
(viii) स्व० रामसेवक ठाकुर	-	पूर्व सदस्य, बिहार विधान सभा
(ix) स्व० बीरेन्द्र प्रसाद	-	पूर्व सदस्य, बिहार विधान सभा एवं लोक सभा
(x) स्व० राधामोहन राय	-	पूर्व सदस्य, बिहार विधान सभा
(xi) स्व० प्रो० बिनोदानन्द सिंह	-	पूर्व सदस्य, बिहार विधान सभा

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बंधित शोकाकुल परिवारों के पास भेज दिया जाय ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-19.02.2013 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-18.02.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।